BLOOM | BSO Bloom School Olympiad | कक्षा 9

# Bloom सामान्य ज्ञान ओलम्पियाड
# सैम्पल पेपर

अधिकतम समय : 60 मिनट | अधिकतम अंक : 60 अंक

## निर्देश

- इस प्रश्न-पत्र में 50 प्रश्न हैं।
- इस प्रश्न-पत्र को दो भाग में विभाजित किया गया है।
  **भाग-I** में 1 अंक के 40 प्रश्न
  **भाग-II** में 2 अंक के 10 प्रश्न हैं।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जाएगा।
- OMR शीट में अपने उत्तर चिह्नित करने के लिए HB पेंसिल या नीले बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें।
- परीक्षा में किसी भी इलैक्ट्रॉनिक उपकरण (मोबाइल, कैलकुलेटर) का प्रयोग वर्जित है।

अनुक्रमांक

विद्यार्थी का नाम

# भाग-I (1 अंक)

**1.** निम्नलिखित में से किस नदी को वैदिक युग में 'दृषद्वती' के नाम से जाना जाता था?

(a) रावी नदी
(b) चिनाब नदी
(c) झेलम नदी
(d) घग्घर नदी

**2.** निम्नलिखित में से गुलाम वंश का संस्थापक कौन था?

(a) बलबन
(b) रजिया सुल्तान
(c) कुतुबुद्दीन ऐबक
(d) इल्तुतमिश

**3.** व्यपगत का सिद्धांत 1848 से 1856 ई. तक भारत के गवर्नर जनरल ······ द्वारा व्यापक रूप से अपनाई गई एक विलय नीति थी।

(a) वारेन हेस्टिंग्स
(b) लॉर्ड इरविन
(c) लॉर्ड डलहौजी
(d) लॉर्ड कर्जन

**4.** उस राजस्व बंदोबस्त प्रणाली का नाम बताइए, जिसमें राजस्व एकत्र करने और कंपनी को भुगतान करने का प्रभार जमीदारों के स्थान पर गाँव के प्रधान (सामंत) को दे दिया गया था।

(a) स्थायी बंदोबस्त
(b) रैय्यतवारी बंदोबस्त
(c) महालवाड़ी बंदोबस्त
(d) अस्थायी बंदोबस्त

**5.** क्रिमिनल कोर्ट : ? :: सिविल कोर्ट : दीवानी अदालत

(a) अपराधियों की अदालत
(b) फौजदारी अदालत
(c) लोक अदालत
(d) इनमें से कोई नहीं

**6.** निम्नलिखित त्योहारों में से उस त्योहार का नाम बताइए, जिसकी विशेषता नौका दौड़ है।

(a) ओणम
(b) पोंगल
(c) नवरात्रि
(d) रंगोली बिहू

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?

(a) अमजद अली खाँ—सरोद वादक
(b) बिस्मिल्ला खाँ—शहनाई वादक
(c) जाकिर हुसैन—हरमोनियम वादक
(d) बिरजु महाराज—कत्थक नृत्य

**8.** ·············· धूल और बर्फ के गुच्छ हैं, जो अंडाकार कक्षाओं में सूर्य के चारो ओर घूमते हैं?

(a) क्षुद्रग्रह
(b) धूमकेतु
(c) उपग्रह
(d) ग्रह

**9.** निम्नलिखित में से 'बिग बैंग थ्योरी' किस घटना से संबंधित है?

(a) महाद्वीपीय प्रसार
(b) ब्रह्मांड की उत्पत्ति
(c) हिमालय की उत्पत्ति
(d) ज्वालामुखी उद्गार

**10.** निम्नलिखित में से वह कौन-सा देश है, जो पूर्व में भारत के साथ सीमा साझा करता है?

(a) चीन
(b) भूटान
(c) बांग्लादेश
(d) वियतनाम

**11.** ................ मरुस्थल मंगोलिया और चीन देशों के एक बड़े क्षेत्र मे फैला हुआ है।

(a) कालाहारी
(b) सहारा
(c) गोबी
(d) थार

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक बिना फूल वाले पौधों के समूह में शामिल नहीं है?

(a) फर्न्स
(b) ऑर्किड
(c) शैवाल
(d) कवक

**13.** निम्नलिखित में से किस महीने में भारत के अधिकांश भागों में वर्षा होती है?

(a) दिसंबर से फरवरी
(b) मार्च से मई
(c) जून से सितंबर
(d) अक्टूबर से नवंबर

**14.** निम्नलिखित में से किस महीने में तमिलनाडु तट पर सर्वाधिक वर्षा होती है?

(a) मार्च से मई
(b) जून से सितंबर
(c) अक्टूबर से नवंबर
(d) दिसंबर से फरवरी

**15.** उस महाद्वीप का नाम बताइए, जिसमें देशों की संख्या सर्वाधिक है?

(a) एशिया
(b) अफ्रीका
(c) यूरोप
(d) उत्तरी अमेरिका

**16.** निम्नलिखित में से किस महाद्वीप की माध्य औसत ऊँचाई विश्व में सर्वाधिक है?

(a) उत्तरी अमेरिका
(b) एशिया
(c) अंटार्कटिका
(d) दक्षिण अमेरिका

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सा नवीकरणीय ऊर्जा समाप्त होने वाला प्राकृतिक ऊर्जा संसाधन है?

(a) कोयला
(b) पेट्रोलियम
(c) कैरोसिन
(d) बायोमास

**18.** तृतीयक क्षेत्र को ......... भी कहा जाता है।

(a) विनिर्माण क्षेत्र
(b) प्राथमिक क्षेत्र
(c) सेवा क्षेत्र
(d) ये सभी

**19.** जीवन बीमा ......... की एक गतिविधि है।

(a) माध्यमिक क्षेत्र
(b) सेवा क्षेत्र
(c) प्राथमिक क्षेत्र
(d) इनमें से कोई नहीं

**20.** खरीफ फसलें देश के विभिन्न भागों में मानसून के आगमन के साथ बोई जाती हैं। यह ········ माह में काटी जाती हैं।

(a) अक्टूबर–नवंबर (b) जुलाई–अगस्त

(c) जून–अगस्त (d) सितंबर–अक्टूबर

**21.** ·············· कच्चे माल के उत्पादकों या आपूर्तिकर्ताओं श्रमिकों या दोनों के स्वामित्व और संचालन में है।

(a) हल्के उद्योग (b) सहकारी क्षेत्र के उद्योग

(c) भारी उद्योग (d) सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियाँ

**22.** राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज योजना किसके द्वारा शुरू की गई थी?

(a) पी. वी. नरसिम्हा राव (b) अटल बिहारी वाजपेयी

(c) इंद्रकुमार गुजराल (d) मनमोहन सिंह

**23.** उत्तर से दक्षिण की ओर जाने वाले भारतीय बंदरगाहों के सही क्रम को पहचानिए।

(a) हल्दिया–कांडला–पारादीप–कोच्चि (b) कोच्चि–कांडला–हल्दिया–पारादीप

(c) कांडला–हल्दिया–पारादीप–कोच्चि (d) कांडला–हल्दिया–कोच्चि–पारादीप

**24.** अतिरिक्त जनसंख्या को अर्थव्यवस्था के लिए दायित्व माना जाता है, परंतु वे मानव पूँजी बन सकते हैं, अगर निवेश ········ के रूप में किया जाता है।

(a) शिक्षा और स्वास्थ्य (b) अस्पताल और स्कूल

(c) शिक्षा, प्रशिक्षण और चिकित्सालय (d) इनमें से कोई नहीं

**25.** भारत में वह कौन–सा बैंक है, जो केंद्र सरकार की ओर से करेंसी नोट जारी करता है?

(a) वित्त आयोग (b) भारतीय रिज़र्व बैंक (आर.बी. आई.)

(c) भारतीय स्टेट बैंक (d) पंजाब नेशनल बैंक

**26.** बैंक अपनी जमा राशि के बड़े हिस्से का उपयोग ············ के लिए करते हैं।

(a) बुनियादी ढ़ाँचे में निवेश के लिए (b) विदेशी बैंको में जमा करने के लिए

(c) ऋण देने के लिए (d) इनमें से कोई नहीं

**27.** संविधान सभा की प्रथम बैठक ·············· को हुई थी।

(a) सितंबर, 1946 (b) अक्टूबर, 1946

(c) नवंबर, 1946 (d) दिसंबर, 1946

**28.** भारतीय संविधान के निर्माण में कितना समय लगा था?

(a) 1 वर्ष, 11 माह 18 दिन (b) 6 माह, 7 दिन

(c) 2 वर्ष, 11 माह 18 दिन (d) 3 वर्ष, 11 माह 18 दिन

**29.** निम्नलिखित में से कौन–सा राज्य नीति–निर्देशक सिद्धांतों का उद्देश्य नहीं है?

(a) एक कल्याणकारी राज्य की स्थापना के लिए (b) एक धर्मनिरपेक्ष राज्य की स्थापना के लिए

(c) सामाजिक–आर्थिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए (d) धार्मिक राज्य की स्थापना के लिए

**30.** लोकसभा का कार्यकाल कितने वर्ष का होता है?

(a) चार वर्ष
(b) पाँच वर्ष
(c) छः वर्ष
(d) सात वर्ष


**31.** यदि कोई पंचायत भंग हो जाती है, तो ········ के भीतर चुनाव कराना आवश्यक होता है।

(a) एक माह
(b) तीन माह
(c) छह माह
(d) एक वर्ष

**32.** किसी भी चुनाव क्षेत्र में 'वार्ड'········ के लिए बनाया जाता है।

(a) राज्य विधान परिषद्
(b) संसद
(c) राज्य विधानसभा
(d) पंचायत और नगर निकाय

**33.** दिया गया चित्र किस प्राकृतिक घटना को प्रदर्शित करता है?




(a) कार्बन चक्र
(b) नाइट्रोजन चक्र
(c) ऑक्सीजन चक्र
(d) फॉस्फोरस चक्र

**34.** जब हाथों के बीच रखे गुब्बारे को दबाया जाता है, तो उसका आकार बदल जाता है। ऐसा किसके कारण होता है?

(a) घर्षण बल गुब्बारे पर कार्य करता है।
(b) संतुलित बल गुब्बारे पर कार्य करता है।
(c) असंतुलित बल गुब्बारे पर कार्य करता है।
(d) गुरुत्वाकर्षण बल गुब्बारे पर कार्य करता है।

**35.** भारत का प्रथम क्रिकेट क्लब कहाँ स्थापित किया गया था?

(a) मुंबई में
(b) कोलकाता में
(c) चेन्नई में
(d) दिल्ली में

**36.** निम्नलिखित में से किस संस्था द्वारा सर्वश्रेष्ठ सांसद का पुरस्कार दिया जाता है?

(a) जमनालाल बजाज फाउंडेशन
(b) जी. बी. पंत मेमोरियल सोसायटी
(c) संवैधानिक और संसदीय अध्ययन संस्थान
(d) आर. डी. बिड़ला स्मारक कोष

**37.** भारत का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन-सा है?

(a) कीर्ति चक्र
(b) परम विशिष्ट सेवा पदक
(c) परमवीर चक्र
(d) वीर चक्र

**38.** कैंसर शरीर के किसी भाग में उत्तकों की अनियंत्रित वृद्धि के कारण होने वाला रोग है। निम्नलिखित में से यह किस रोग के अंतर्गत आता है?

(a) जन्मजात रोग
(b) गैर-संक्रामक रोग
(c) संक्रामक रोग
(d) इनमें से कोई नहीं

**39.** एच. टी. एम. एल. का संक्षिप्त रूप है


(a) हाई ट्रांसफर मशीन लैंग्वेज
(b) हाई ट्रांसमीटर मार्कअप लैंग्वेज
(c) हाइपर टेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज
(d) हाइपर ट्रांसफर मार्कअप लैंग्वेज

**40.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सात देशों के समूह (G-7) का सही वर्णन करता है?

(a) वे परमाणु बम प्रौद्योगिकी धारण करते हैं।
(b) वे विकासशील देश हैं।
(c) वे औद्योगिक देश हैं।
(d) वे देश जो स्वयं के उपग्रह प्रक्षेपित कर सकते हैं।

## भाग-II (2 अंक)

**41.** दिए गए भारतीय मानचित्र में अंकित नदी को पहचानिए।




(a) गोदावरी
(b) दामोदर
(c) महानदी
(d) घग्घर

**42.** निम्नलिखित तथ्यों के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए।

- यह पुरस्कार भारतीय गणराज्य का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। इसकी शुरुआत 2 जनवरी, 1954 को की गई थी।
- यह पुरस्कार कला, विज्ञान, लोकसेवा तथा खेल के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए दिया जाता है।

(a) व्यास सम्मान
(b) परमवीर चक्र
(c) भारत रत्न
(d) कालिदास सम्मान

**43.** निम्नलिखित कथनों को पढ़कर सत्य कथन की पहचान कीजिए।

1. मुगल चित्रकला की नींव हुमायूँ ने फारस में रहते हुए रखी थी।
2. आगरा की स्थापना अकबर ने की थी।
3. रजिया सुल्तान इल्तुतमिश की बेटी और कुतुबुद्दीन ऐबक की पोती थी।

**कूट**

(a) केवल 1 (b) 2 और 3 (c) 1 और 3 (d) ये सभी

**44.** सुमेलित कीजिए।

| **सूची I** (व्यक्तित्व) | **सूची II** (नारा) |
|---|---|
| A. सुभाष चंद्र बोस | 1. जय हिंद |
| B. जवाहरलाल नेहरू | 2. आराम हराम है |
| C. लाल बहादुर शास्त्री | 3. जय जवान जय किसान |
| D. भगत सिंह | 4. इंकलाब जिंदाबाद |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 | (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**45.** सुमेलित कीजिए।

| **सूची I** (भारत के प्रसिद्ध मंदिर) | **सूची II** (राज्य) |
|---|---|
| A. केदारनाथ मंदिर | 1. पंजाब |
| B. मीनाक्षी मंदिर | 2. उत्तराखंड |
| C. स्वर्ण मंदिर | 3. गुजरात |
| D. सोमनाथ मंदिर | 4. तमिलनाडु |

**कूट**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 | (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 | (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**46.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन खाद्य शृंखला के संबंध में सही है?

1. खाद्य शृंखला का प्रत्येक घटक एकपोषी स्तर का निर्माण करता है।
2. विभिन्न खाद्य शृंखलाओं के बीच अंतसंबंधों को खाद्य जाल के रूप में जाना जाता है।
3. ऊर्जा प्रवाह को समझने के लिए पोषण संबंधी संबंधों द्वारा गठित सभी शृंखलाओं का उपयोग किया जाता है।

**कूट**

(a) केवल 1 (b) 2 और 3 (c) केवल 3 (d) ये सभी

**47.** **अभिकथन** (A) हिमालय सबसे युवा पर्वत शृंखलाओं मे से एक है।

**कारण** (R) इसमें अधिकांशत: उत्थित अवसादी और कायांतरित शैल होते हैं।

**कूट**

(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

(b) A और R दोनों सही हैं, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।

(c) A सही है, किंतु R गलत है।

(d) A गलत है, किंतु R सही है।

**48.** सुमेलित कीजिए।

| **सूची I** (भौगोलिक विशेषताएँ) | **सूची II** (क्षेत्र) |
|---|---|
| A. एबिसिनिया का पठार | 1. पश्चिमी एशिया |
| B. एटलस पर्वत | 2. उत्तरी अफ्रीका |
| C. गुयाना हाइलैंड | 3. दक्षिणी अमेरिका |
| D. ओकावागो डेल्टा | 4. उत्तर पश्चिम बोत्सवाना |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**49.** निम्नलिखित कथनों को पढ़कर सत्य कथन की पहचान कीजिए।

1. चुनाव आयोग संसद और विधान सभाओं के लिए चुनाव आयोजित करता है।
2. चुनाव आयोग मतदाता सूची को तैयार करने के लिए निर्देश देता है तथा उसका नियंत्रण करता है।
3. चुनाव आयोग चुनाव की तारीखें तय नहीं कर सकता है।

**कूट**

(a) केवल 1 (b) 1 और 2

(c) 2 और 3 (d) ये सभी

**50.** निम्नलिखित तथ्यों के आधार पर सही विकल्प का चयन कीजिए।

- यह सभी उद्योगों की रीढ़ है और इसे 'मातृ उद्योग' भी कहा जाता है।
- यह आधुनिकता का एक पैमाना है और इस उद्योग की प्रगति सीधे तौर पर एक राष्ट्र के विकास से संबंधित है।

(a) उर्वरक उद्योग (b) सीमेंट उद्योग

(c) लौहा और इस्पात उद्योग (d) पेट्रो-रसायन उद्योग

## OMR SHEET

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | a | b | c | d | 2 | a | b | c | d | 3 | a | b | c | d | 4 | a | b | c | d |
| 5 | a | b | c | d | 6 | a | b | c | d | 7 | a | b | c | d | 8 | a | b | c | d |
| 9 | a | b | c | d | 10 | a | b | c | d | 11 | a | b | c | d | 12 | a | b | c | d |
| 13 | a | b | c | d | 14 | a | b | c | d | 15 | a | b | c | d | 16 | a | b | c | d |
| 17 | a | b | c | d | 18 | a | b | c | d | 19 | a | b | c | d | 20 | a | b | c | d |
| 21 | a | b | c | d | 22 | a | b | c | d | 23 | a | b | c | d | 24 | a | b | c | d |
| 25 | a | b | c | d | 26 | a | b | c | d | 27 | a | b | c | d | 28 | a | b | c | d |
| 29 | a | b | c | d | 30 | a | b | c | d | 31 | a | b | c | d | 32 | a | b | c | d |
| 33 | a | b | c | d | 34 | a | b | c | d | 35 | a | b | c | d | 36 | a | b | c | d |
| 37 | a | b | c | d | 38 | a | b | c | d | 39 | a | b | c | d | 40 | a | b | c | d |
| 41 | a | b | c | d | 42 | a | b | c | d | 43 | a | b | c | d | 44 | a | b | c | d |
| 45 | a | b | c | d | 46 | a | b | c | d | 47 | a | b | c | d | 48 | a | b | c | d |
| 49 | a | b | c | d | 50 | a | b | c | d | | | | | | | | | | |

# उत्तर

**1.** (d) घग्घर नदी

**2.** (c) कुतुबुद्दीन ऐबक

**3.** (c) लॉर्ड डलहौजी

**4.** (c) महालवाड़ी बंदोबस्त

**5.** (b) फौजदारी अदालत

**6.** (a) ओणम

**7.** (b) बिस्मिल्ला खाँ—शहनाई वादक

**8.** (b) धूमकेतु

**9.** (b) ब्रह्मांड की उत्पत्ति

**10.** (c) बांग्लादेश

**11.** (c) गोबी

**12.** (b) ऑर्किड

**13.** (c) जून से सितंबर

**14.** (c) अक्टूबर से नवंबर

**15.** (b) अफ्रीका

**16.** (c) अंटार्कटिका

**17.** (d) बायोमास

**18.** (c) सेवा क्षेत्र

**19.** (b) सेवा क्षेत्र

**20.** (d) सितंबर-अक्टूबर

**21.** (b) सहकारी क्षेत्र के उद्योग

**22.** (b) अटल बिहारी वाजपेयी

**23.** (c) कांडला-हल्दिया-पारादीप-कोच्चि

**24.** (c) शिक्षा, प्रशिक्षण और चिकित्सालय

**25.** (b) भारतीय रिज़र्व बैंक (आर.बी.आई.)

**26.** (c) ऋण देने के लिए

**27.** (d) दिसंबर, 1946

**28.** (c) 2 वर्ष, 11 माह 18 दिन

**29.** (d) धार्मिक राज्य की स्थापना के लिए
**30.** (b) 5 वर्ष
**31.** (c) छह माह
**32.** (d) पंचायत और नगर निकाय
**33.** (b) नाइट्रोजन चक्र
**34.** (b) संतुलित बल गुब्बारे पर कार्य करता है।
**35.** (b) कोलकाता में
**36.** (c) संवैधानिक और संसदीय अध्ययन संस्थान
**37.** (c) परमवीर चक्र
**38.** (b) गैर-संक्रामक रोग
**39.** (c) हाइपर टेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज
**40.** (c) वे औद्योगिक देश हैं।
**41.** (c) महानदी
**42.** (c) भारत रत्न
**43.** (c) 1 और 3
**44.** (a) 1 2 3 4
**45.** (a) 2 4 1 3
**46.** (d) ये सभी
**47.** (b) A और R दोनों सही हैं, परंतु R, A की सही व्याख्या नही करता है।
**48.** (c) 1 2 3 4
**49.** (b) 1 और 2
**50.** (c) लौहा और इस्पात उद्योग